संपादकीय

संघीय भावना पर चोट

हमेशा विवादों में घिरे रहने के आदी मध्य प्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शपथ लेने के साथ ही मध्य प्रदेश में एक और शिगूफा छोड़ा। उन्होंने स्थानीय लोगों को अधिक नौकरियां देने की प्रतिबद्धता के साथ ही यह भी घोषित कर डाला कि उत्तर प्रदेश और बिहार से आने वाले लोगों को मध्य प्रदेश में काम नहीं दिया जाएगा। अपने कार्यकाल के पहले दिन ही उन्होंने यह घोषणा की कि जिन उद्योगों को प्रदेश सरकार से कुछ लाभ चाहिए, वह तभी मिलेगा जब उनके कर्मचारियों में कम से कम 70 प्रतिशत लोग मध्य प्रदेश के हों। साथ ही उन्होंने यह संदेश भी दिया कि वह प्रवासियों का स्वागत अपने प्रदेश में नहीं करेंगे और औद्योगिक क्षेत्रों में उनके रोजगार प्राप्त करने पर नियंत्रण भी लगाएंगे। नौ बार सांसद रह चुके कमलनाथ ने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को अपने खिलाफ विभाजन की राजनीति खेलने के आरोप लगाने का एक ज्वलंत मौका दिया है। पहले से ही 1984 के सिख दंगों को लेकर विवादित कमलनाथ कुछ न्यायिक विवादों में भी फंसे हैं। यही नहीं, कमलनाथ खुद भी उत्तर प्रदेश के कानपुर में ही पैदा हुए हैं। उनकी पढ़ाई दून स्कूल में और कानपुर के डीएवी कॉलेज में हुई है। उनकी शिक्षा व राजनीतिक संस्कार देहरादून में उनके मित्र संजय गांधी के साथ ही विकसित हुए। उनका मध्य प्रदेश से दूर-दूर तक कहीं कोई लेना-देना नहीं था।

बाहरी व्यक्ति यों वाले संदेश के साथ कमलनाथ ने अपने आप को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के साथ खड़ा कर लिया है जो शुरू से ही उत्तर भारतीयों के महाराष्ट्र में काम करने पर असंतुष्ट रहे हैं। वैसे कोई भी प्रदेश अपनी स्थानीय प्रतिभा की अनदेखी नहीं करता परंतु इस तरह से किसी भी कुशल और अकुशल श्रमिक का सिर्फ मूल निवास के आधार पर पक्षपात करना देश की संघीय भावना के विपरीत है। व्यापार के क्षेत्र में मध्य प्रदेश प्रथम 10 राज्यों में आता है और यह विकास उसे 15 साल के भाजपा शासन में मिला। इस तरह की विभाजित राजनीति खेल कर कोई भी प्रदेश आगे नहीं बढ़ सकता। सभी राजनीतिज्ञों को इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का कैप्टन बना 7 साल का बच्चा

मेलबर्नआरएनएस। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में होने वाले बाक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। आस्ट्रेलिया ने क्रिकेट के दीवाने सात साल के आर्ची शिलर को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करके क्रिसमस से पहले प्रशंसनीय कदम उठाया। दरअसल, आर्ची दिल से जुड़ी बीमारी से पीड़ित

हैं। उनका सपना आस्ट्रेलिया का कप्तान बनना है और यह पुष्टि कर दी गयी है कि 26 दिसंबर से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में वह टिम पेन के साथ सह-कप्तान होंगे। यह सब 'मेक ए विश आस्ट्रेलिया फाउंडेशन' के कारण संभव हो पाया। क्रिकेट.काम.एयू के अनुसार यारा पार्क में 'बूपा फेमिली डे' के अवसर रविवार को यह घोषणा की गयी। एडिलेड के लेग स्पिनर आर्ची के लिये शनिवार को सातवां जन्मदिन यादगार बन गया क्योंकि पेन ने उसी दिन उन्हें जानकारी दे दी थी। आस्ट्रेलिया की टीम में आर्ची के रूप में अतिरिक्त सदस्य रखने को इस महीने के शुरू में सार्वजनिक किया गया था और तब उन्हें यह जानकारी कोच जस्टिन लैंगर ने फोन पर दी थी। तब यह तय नहीं था कि उन्हें किस मैच में टीम में लिया जाएगा। इस युवा लेग स्पिनर ने इस महीने के शुरू में एडिलेड ओवल में आस्ट्रेलिया टीम के साथ नेट अभ्यास भी किया था। जब आर्ची केवल तीन महीने का था तब पता चला था कि उनके दिल के वॉल्व सही नहीं हैं। अपने जन्म के कुछ सप्ताह बाद ही उन्हें मेलबर्न में सात घंटे से भी अधिक समय तक आपरेशन से गुजरना पड़ा था।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली आरएनएस। पेट्रोल और डीजल के दाम में सोमवार को लगातार चौथे दिन गिरावट जारी रही। देश की राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 70 रुपये और डीजल 64 रुपये लीटर से कम दाम पर मिलने लगा है। पेट्रोल का दाम देशभर में इस साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आई भारी गिरावट के बाद भारत की तेल विपणन कंपनियां पेट्रोल और डीजल के दाम में फिर रोजाना कटौती कर रही है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकाता,

मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल की कीमतें क्रमशः 69.86 रुपये, 71.96 रुपये, 75.48 रुपये और 72.48 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। चारों महानगरों में डीजल के दाम क्रमशः 63.83 रुपये, 65.59 रुपये, 66.79 रुपये और 67.38 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं।

पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए:तलवार

नई दिल्ली आरएनएस। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष राजीव तलवार ने रविवार को सरकार से पेट्रोलियम उत्पादों को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने जीएसटी परिषद द्वारा कई मदों पर कर की दरों में कटौती करने के फैसले का स्वागत किया। तलवार ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव को देखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए। उद्योग संगठन ने सरकार से पेट्रोलियम उत्पादों पर लगने वाले वैट (मूल्य वर्धित कर) और उत्पाद कर की जगह एक जीएसटी लगाने पर विचार करने को कहा ताकि अप्रत्यक्ष कर के दबाव को युक्तिसंगत बनाया जाए। तलवार ने कहा, टीवी से लेकर मूवी टिकट व अन्य मदों पर कर की दरों मं कटौती से समाज के हर वर्ग को राहत मिली है। जीएसटी परिषद ने शनिवार को अपनी 31वीं बैठक में कंप्यूटर मॉनिटर, टीवी स्क्रीन, वीडिया गेम्स, लिथियम ऑयन पावर बैंक समेत 17 वस्तुओं और छह सेवाओं पर जीएसटी की दरों में कटौती की। हालिया कर कटौती में उच्चतम 28 फीसदी जीएसटी के दायरे में सीमेंट, विलासिता और और नुकसानदेह वस्तुओं समेत सिर्फ 28 मद रह गए हैं।

फुटबाल : बायेर लेवरकुसेन ने कोच हेरलिक को किया बर्खास्त

बर्लिन आरएनएस। जर्मन फुटबाल लीग क्लब बायेर लेवरकुसेन ने टीम के खराब प्रदर्शन के बाद अपने कोच हेइको हेरलिक को बर्खास्त कर दिया है उनकी जगह पीटर बोस्ज को नया कोच नियुक्त किया है। सूत्रों ने रविवार को क्लब के हवाले से यह जानकारी दी। बोस्ज 2020 तक क्लब के कोच बने रहेंगे।

लेवरकुसेन 2017-18 सीजन में पांचवें नंबर पर था। टीम ने इस सीजन में यूरोपा लीग भी खेला था। लेकिन इस समय वह जर्मन लीग में नौवें स्थान पर है। लेवरकुसेन के प्रबंधक निदेशक रुदी वोलर ने एक बयान में कहा, टीम के विकास में एक ठहराव सा आया है। भले ही हमने इस साल के अंत तक यूरोपा लीग खेले हों, लेकिन सीजन के पहले हाफ में हम खुद को संतोषजनक स्थिति में नहीं पाते हैं।

लेवरकुसेन के नए कोच बने बुस्ज चार जनवरी 2019 से अपना कार्यभार संभालेंगे। इसके दो सप्ताह बाद ही टीम को बोरूसिया मोनचेंगलाडबाक के खिलाफ नए वर्ष में अपना पहला मैच खेलना है।

जीएसटी से समाप्त करेंगे 12-18 के स्लैबः जेटली

नई दिल्ली (आरएनएस)। केन्द्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। जेटली ने कहा है कि जीएसटी की सफलताएं गिनाते हुए कहा है कि भविष्य में 12 और 18 फीसदी की जगह अब एक नया स्टैंडर्ड टैक्स स्लैब बनाया जा सकता है, जो इन दोनों के बीच होगा। लग्जरी और सिन प्रॉडक्ट्स को अपवाद बताते हुए उन्होंने कहा कि अंततः देश में जीएसटी के 0, 5 और स्टैंडर्ड रेट टैक्स स्लैब होंगे। उन्होंने जीएसटी से पहले के दौर में 31 फीसदी तक ऊंचे टैक्स को लेकर विपक्ष पर निशाना भी साधा और आलोचनाओं का जवाब दिया।

दरअसल, फेसबुक पर लिखे ब्लॉग में जेटली ने कहा कि तंबाकू, लग्जरी गाडयिां, एसी, सोडा वाटर, बड़े टीवी और डिश वॉशर को छोड़कर 28 आइटम्स को 28 फीसदी टैक्स स्लैब से हटाकर 18 और 12 फीसदी टैक्स स्लैब में डाल दिया गया है। आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले सीमेंट और ऑटो पाट्सज् ही 28 फीसदी टैक्स स्लैब में बच गए हैं। उन्होंने कहा, हमारी अगली प्राथमिकता सीमेंट पर टैक्स कम करने की है। दूसरे सभी बिल्डिंग मैटेरियल पहले ही 28 से 18 या 12 में ट्रांसफर हो चुके हैं।

जीएसटी के 18 महीने शीषज़्क वाले ब्लॉग में वित्त मंत्री ने कहा है कि 183 आइटम्स पर टैक्स शून्य है। 308 आइटम्स पर 5 फीसदी टैक्स लगता है, 178 पर 12 फीसदी टैक्स है, जबकि 517 आइटम्स 18 फीसदी टैक्स स्लैब में आते हैं।

इथियोपियाई धावकों ने जीता हैनान डेनझौ इंटरनेशनल मैराथन

हाइकोऊ(आरएनएस)। इथियोपिया के माजेंगिया एयलेव मेसरेट और शेहीनेश साले सेंगा ने चीन में आयोजित हैनान डेनझौ इंटरनेशनल मैराथन में क्रमश : पुरुष और महिला वर्ग का खिताब रविवार को अपने नाम कर लिया। रिपोर्ट के अनुसार, मेसरेट ने पुरुष वर्ग में दो घंटे 24 मिनट और 47 सेकेंड का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने केन्या के डिक्सन किपतु और हमवतन बीक डेरेज उर्गेका को मात देकर खिताब पर कब्जा जमाया। महिला वर्ग में सेंगा ने दो घंटे 50 मिनट और 36 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता।

आज का राशिफल

मेषःगणेशजी कहते हैं कि आज आपका मन चंचल रहेगा, जिसके कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी हो सकती है। इस वजह से कोई भी महत्वपूर्ण काम समय पर पूरा करने में दिक्क त आ सकती है।

वृषभःआज आपको मानसिक रूप से स्थिर होकर काम करने की गणेशजी सलाह देते हैं। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। आज जिद करने के बजाए समाधानकारी रहें तो बेहतर होगा। यात्रा न करना ही ठीक होगा।

मिथुनःआज आपको संभलकर चलने की आवश्यकता है। घर में परिजनों का आपके प्रति विरोध रहेगा। शारीरिक अस्वस्थता और मानसिक व्यग्रता का अनुभव होगा। पारिवारिक वातावरण में अनुकूलता रहेगी। आत्मविश्वास में आज वृद्धि होगी।

कर्कःगणेशजी कहते हैं कि आज आप मन में खिन्नता और भय का अनुभव कर सकते हैं। परिवार में मतभेद होने से पारिवारिक वातावरण तनावपूर्ण रह सकता है। मन में दुविधाएं रहेगीं, जिससे आप मानसिक रूप से बेचैन हो सकते हैं।

सिंहःगणेशजी की कृपा से आज व्यापार में लाभ और आय में वृद्धि होगी। उत्तम भोजन प्राप्त होगा। मित्रों के साथ रमणीय स्थान पर जा सकते हैं। महिला मित्र आज किसी काम में सहायता कर सकती हैं।

कन्याःअगर आज आपने कोई नया काम करने की योजना बनाई है तो गणेशजी की कृपा से वह पूरी होगी। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा।

तुलाःगणेशजी कहते हैं कि आज आप नए काम की शुरुआत का प्रयास करेगें। बौद्धिक कार्यों और साहित्य लेखन में सफ ल रहेगें। तीर्थ यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा। विदेश में रहनेवाले मित्रों और सगे-संबंधियों के समाचार प्राप्त होगें, जिससे आपको प्रसन्नता होगी।

वृश्चिकःआज अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए गणेशजी कहते हैं। कफ, सांस या पेट की परेशानी हो सकती है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ्य महसूस कर सकते हैं। ोध पर नियंत्रण रखना होगा।

धनुःगणेशजी के आशीर्वाद से आपका आज का दिन सुख-शांति और आनंद में व्यतीत होगा। मित्रों के साथ अच्छा दिन बीतेगा।

मकरःआज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति मिलेगी और आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। व्यापार के विकास के लिए दिन शुभ फलदायक साबित होगा, ऐसा गणेशजी कहते हैं।

कुंभःआज वैचारिक रूप से आपमें काफी व्यग्रता रह सकती है। इस कारण कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना ही हितकर होगा। यात्रा-प्रवास में परेशानी हो सकती है।

मीनःगणेशजी कहते हैं कि आज आप खुद में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव महसूस कर सकते हैं। मां के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

यीशू की शिक्षाओं का सार हैं क्रिसमस के रंग

क्रिसमस के तीनों रंगों का कुछ खास मतलब होता है। ये रंग इस त्योहार से प्रतीकात्मक तौर से जुड़े होते हैं । वास्तव में ये तीनों रंग जीसस क्राइस्ट की दी हुई कुछ शिक्षाओं से जुड़े हैं। चलिए आज हम आपको इनका मतलब समझाते हैं। कहते हैं लाल रंग जीसस क्राइस्ट के रक्त का प्रतीक है जो उनका दूसरों के प्रति बेपनाह प्यार दर्शाता है। जीजस हर ईसाई को अपनी संतान समझते थे और उन्हें बिना शर्त प्यार करते थे। इस लाल रंग के जरिए वे सबको मानवता का पाठ पढ़ाना चाहते थे। उनका कहना था कि लाल खुशी का रंग है क्योंकि जहां प्यार होगा वहां खुशी अपने आप ही आ जाएगी।

हरा रंग

यीशु ने हरे रंग को जीवन का प्रतीक बताया है। उन्होंने संदेश दिया कि जैसे इस सख्त सर्दी में भी पेड़ पौधे हरे भरे और जीवन से भरपूर होते हैं ऐसा ही मनुष्य को बनना

चाहिए। जब दर्द से रक्त जमने लगे और कष्टों की ओस से सब सर्द हो जाये तब हरा रंग हमें जीवन की गरमाहट का अहसास कराता है। ईसाई धर्म के अनुसार हरा रंग क्राइस्ट के शाश्वत जीवन का प्रतीक है। भले ही उनकी हत्या कर दी गयी हो लेकिन वह आज भी हर ईसाई के दिल में जिंदा हैं और रहेंगे, इसलिये हरे रंग का मतलब होता है जिंदगी।

सुनहरा रंग

सुनहरे रंग का अर्थ है लोगों का खुशियों, प्यार और सहयोग की भेंट देना। जैसे यीशु के जन्म पर आए तीसरे राजा ने भेंट में सोना दिया था।

शेयर बाजारों के शुरुआती कारोबार में गिरावट

मुंबई आरएनएस। देश के शेयर बाजारों के शुरुआती कारोबार में सोमवार को गिरावट का रुख है। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स सुबह 9.40 बजे 25.69 अंकों की गिरावट के साथ 35,716.38 पर और निफ्टी भी लगभग इसी समय 14.35 अंकों की कमजोरी के साथ 10,739.65 पर कारोबार करते देखे गए। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 117.59 अंकों की मजबूती के

साथ 35,859.66 पर जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक निफ्टी 26.9 अंकों की बढ़त के साथ 10,780.90 पर खुला।

मेहमानों को मिठाई की जगह खिलाएं शाही टुकड़ा

सामग्री :

5-6 ब्रेड स्लाइस, ड्ड लीटर दूध फुल क्रीम (रबड़ी के लिए), 1/4 कप चीनी (रबड़ी के लिए), काजू 5-6 (बारीक़ कटे), बादाम 5-6 (बारीक़ कटे), हरी इलायची पाउडर 1/4 छोटी चम्मच, देसी घी ब्रेड तलने के लिए, ङ कप चीनी (चाशनी के लिए)

विधि :

एक बर्तन में दूध उबलने के लिए रख दें। दूध में उबाल आने के बाद आंच को धीमा कर दें और दूध को तब तक उबलने दें जब तक वो गाढ़ा होकर आधा न रह जाए। बीच बीच में चलाते रहे जिससे दूध तली में न लगे। गाढ़ा होने के बाद दूध में चीनी, (ऊपर से सजाने के लिए थोड़े से कटे मेवे बचा ले) कटे काजू, बादाम और इलायची पाउडर डालकर थोड़ी देर और उबाल लें। गैस बंद कर रबड़ी को ठंडा होने दें।

एक बर्तन में चीनी और ड्ड कप पानी डालकर गैस पर उबलने चढ़ा दें। 5-7 मिनट में चाशनी तैयार हो जाएगी। ब्रेड के किनारों को काट के अलग कर दे, उसके बाद ब्रेड स्लाइस को मनचाहे आकार में काट ले। टुकड़े बहुत बड़े नहीं होने चाहिए, एक ब्रेड के चार टुकडें कर लेंगे। एक पैन में घी गरम करें उसमें ब्रेड के टुकड़ों को डालकर दोनों तरफ से ब्राउन होने तक हल्की आंच पर तल लें। ब्रेड के सारे टुकड़े इसी तरह तल लेंगे। अब ब्रेड के हर टुकड़े को चाशनी में डूबा के तुरंत ही निकल लें। फिर इन्हें सर्विंग प्लेट में निकालकर ऊपर से रबड़ी डाल दें। फिर ऊपर से बचे हुए कटे मेवे से सजा दे। तैयार है मेहमानों के लिए शाही टुकड़ा।

शब्द सामर्थ्य-26

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 26 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	■
प	■	ति	■	■	र	क्ष	क	■
र	ह	मा	न	■	■	■	■	आ
वा	■	■	मि	थु	न	■	दा	स
ह	वा	ला	त	■	सी	ता	■	पा
■	न	■	■	■	ब	क	वा	स
औ	र	त	■	म	■	त	■	■
ला	■	बे	च	ना	■	व	च	न
द	ह	ला	■	ना	ग	र	■	दी

सू-दोकू-26

9				6	
	7		9		5
3		8		7	
	1		3		9
		2		8	
	8				2
			1		

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।

सू-दोकू

5	2	4	9
3	6	7	4